# D

SL. No. : G

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 57 ]
Total No. of Questions : 57 ]

**CCE PR**
**UNREVISED**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **85-H** **Code No. : 85-H**

## ವಿಷಯ : ಸಮಾಜ ವಿಜ್ಞಾನ

## Subject : SOCIAL SCIENCE

**( ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾಂತರ / Hindi Version )**

**( ಹಳೆ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / Old Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 26. 06. 2019 ] [ Date : 26. 06. 2019
ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-45 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-45 P.M.
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 57 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

यहाँ से काटिए

TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

Tear here

I. निम्नलिखित प्रश्नों / अपूर्ण कथनों प्रत्येक के लिए **चार** विकल्प दिये गये हैं। उनमें केवल एक सही अथवा सबसे अधिक उपयुक्त है । सही विकल्प चुनकर पूर्ण उत्तर क्रमाक्षर सहित लिखें ।

$10 \times 1 = 10$

1. भारत के प्रथम गृहमंत्री थे

   (A) सरदार वल्लभभाई पटेल (B) सुभाष चंद्र बोस

   (C) जवाहरलाल नेहरू (D) बाबू राजेंद्र प्रसाद ।

2. राज्य पुनर्गठन अधिनियम लागू हुआ

   (A) 1953 में (B) 1955 में

   (C) 1956 में (D) 1958 में ।

3. भारत द्वारा नेपाल को बहुत-से रियायत देने का कारण है

   (A) भूबद्ध तथा इसकी भौगोलिक निकटता

   (B) हमारा बड़ा पड़ोसी राज्य

   (C) हमारे राष्ट्र के सम्मान की रक्षा

   (D) शक्तिशाली राष्ट्र ।

4. सभी प्रकार के शस्त्रों का निराकरण अथवा कमी की प्रक्रिया है

   (A) भूभागीय प्रतियोगिता (B) शस्त्र प्रतियोगिता

   (C) शस्त्र जमा करना (D) निःशस्त्रीकरण ।

5. बाल श्रम सामाजिक व्यवस्था में गंभीर कमी है क्योंकि वे

   (A) प्रवासी हैं

   (B) अपने माता-पिता से बिछड़ गए हैं

   (C) शारीरिक एवं मानसिक रूप से उत्पीड़ित होते हैं

   (D) गरीब हैं ।

6. भारतीय कृषि मॉनसून के साथ जुआ है क्योंकि मॉनसून

   (A) किसानों को जोरदार फसल देता है

   (B) भारतीय कृषि का नियंत्रण करता है

   (C) तमिलनाडु में भारी वर्षा प्रदान नहीं करता है

   (D) विभिन्न तरह की फसल उपजाने में किसान को मदद करता है ।

7. मानचित्र में चिह्नित स्थानों के सही मिलान हैं




(A) 1 – भाखरा नांगल, 2 – नागार्जुन सागर, 3 – दामोदर घाटी

(B) 1 – दामोदर घाटी, 2 – भाखरा नांगल, 3 – नागार्जुन सागर

(C) 1 – भाखरा नांगल, 2 – दामोदर घाटी, 3 – नागाजुन सागर

(D) 1 – नागार्जुन सागर, 2 – भाखरा नांगल, 3 – दामोदर घाटी ।

8. **समूह - A** में उद्यमियों की सूची तथा **समूह - B** में उनके द्वारा स्थापित उद्यमों की सूची दी गई है । सही समूह का मिलान करें :

| **समूह - A** | **समूह - B** |
|---|---|
| (a) अजीम प्रेमजी | (i) रिलायन्स कम्पनी |
| (b) नारायण मूर्ति | (ii) द अपोलो हॉस्पिटल |
| (c) धीरूभाई अम्बानी | (iii) विप्रो टेक्नालॉजी |
| (d) डॉ. प्रताप रेड्डी | (iv) इनफासिस । |

| | ***a*** | ***b*** | ***c*** | ***d*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iii | iv |
| (B) | iii | iv | i | ii |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | i | ii | iv | iii. |

9. सरकार के बजट में .................. पर अधिक महत्व दिया जाता है ।

(A) करों की वसूली (B) आय एवं व्यय

(C) कानून-व्यवस्था (D) विकासशील कार्यक्रम ।

10. भारतीय रिजर्व बैंक को 'बैंकों के बैंक' के रूप में जाना जाता है क्योंकि यह

(A) सभी बैंकिंग लेनदेनों पर नियंत्रण रखता है

(B) डाक विभाग का एक अंग है

(C) निजी क्षेत्र का बैंक है

(D) किसानों को ऋण प्रदान करता है ।

II. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर एक वाक्य में दें : 14 × 1 = 14

11. आम जनता का इतिहास लिखना इतिहासकारों के लिए एक चुनौती थी । क्यों ?

12. 1935 का अधिनियम भारत का संविधान के आधार पर कैसे बना ?

13. जर्मनी में हिटलर ने यहुदियों की जनसंख्या को कम करने के लिए क्या किया ?

14. महिलाओं के विकास में उनके पिछड़ेपन के क्या-क्या कारण हैं ?

15. भारत U.N.O. के साथ कैसे सहयोग करता है ?

16. आधुनिक काल में अस्पृश्यता का अभ्यास कम क्यों हो रहा है ?

17. आजकल भ्रूण हत्या में वृद्धि का क्या कारण है ?

18. निर्वाह कृषि क्या है ?

19. भारत में सबसे अधिक धान उपजाने वाला राज्य कौन है ?

20. गलियारा ( corridor ) सड़कें आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण हैं । क्यों ?

21. पेट्रोलियम को तरल सोना क्यों कहा जाता है ?

22. प्रति व्यक्ति आय विकास की सही माप नहीं हो सकती । क्यों ?

23. किसी देश की शैक्षणिक उपलब्धि कैसे मापी जाती है ?

24. वह प्रथम तकनीकी कम्पनी कौन है जिसे NASDAQ में सूचीबद्ध किया गया है ?

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **दा** से **चार** वाक्यों में दें : 25 × 2 = 50

25. वैज्ञानिक विकास समुद्र-यात्रा का मार्ग दर्शन कराया है । कथन की पुष्टि करें ।

26. श्रीरंगपट्टन संधि की शर्तों का वर्णन करें ।

27. ब्रह्म समाज के उद्देश्यों का वर्णन करें ।

**अथवा**

सत्य शोधक समाज द्वारा प्रचारित सुधारों का वर्णन करें ।

28. जारशाही को राष्ट्रीयता का कारावास कहा जाता था । क्यों ?

29. हैदराबाद कर्नाटक के क्षेत्रों के नाम बताएँ ।

30. 1857 की क्रांति के असफल होने के कारणों का वर्णन करें ।

31. स्वतंत्र भारत को शरणार्थियों की समस्या का सामना कैसे करना पड़ा ?

32. अशिक्षा उन्मूलन के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किये जा रहे हैं ?

33. साम्प्रदायिकता राष्ट्रीय एकता के लिए हानिकारक है । कैसे ?

34. सुरक्षा परिषद के कार्यों का वर्णन करें ।

35. दहेज प्रथा के अशुभ ( evil ) प्रभाव क्या हैं ?

36. दंगा की प्रकृति का वर्णन करें ।

37. उत्तरी समतल क्षेत्रों का वर्णन करें ।

38. मृदा अपरदन के कारण क्या हैं ?

39. वनोन्मूलन के मुख्य कारण क्या हैं ?

40. आधुनिक काल में भौगोलिक सूचना पद्धति बहुत उपयोगी है । क्यों ?

41. भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाले कारक कौन हैं ?

42. भमि उपयोग के प्रकार कौन-कौन हैं ?

43. भूस्खलन के प्रभावों का वर्णन करें ।

44. तटीय अपरदन को कैसे रोका जा सकता है ?

45. जनसंख्या विस्फोट कई समस्याओं का कारण है । कैसे ?

46. पंचवर्षीय योजनाओं के क्या उद्देश्य हैं ?

47. केन्द्र सरकार द्वारा वसूले जाने वाले कर रहित राजस्वों का उल्लेख करें ।

48. भूमंडलीकरण विश्व के आर्थिक विकास के लिए लाभदायक है । स्पष्ट करें ।

49. जीवन बीमा तथा सामान्य बीमा में कोई दो अन्तर क्या हैं ?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर **छह** वाक्यों में दीजिए : $6 \times 3 = 18$

50. आर्थिक कारक 1857 के विद्रोह के मुख्य कारण थे । स्पष्ट करें ।

**अथवा**

परिवहन तथा संप्रेषण में विकास राष्ट्रीयता को बढ़ावा दिया है । स्पष्ट करें ।

51. विदेश नीति के उद्देश्यों का वर्णन करें ।

**अथवा**

भारत का रूस के साथ संबंध का वर्णन करें ।

52. अस्पृश्यता उन्मूलन के लिए क्या संवैधानिक तथा वैध उपाय अपनाए गये हैं ?

**अथवा**

संगठित तथा असंगठित श्रमिकों में क्या अंतर हैं ?

53. सड़क परिवहन की समस्याओं का वर्णन करें ।

**अथवा**

जैवप्रौद्योगिकी कैसे कृषि में क्रांति लाया है ?

54. विकेन्द्रीकरण के परिप्रेक्ष्य में गाँधीजी की ग्राम स्वराज्य की अवधारणा का वर्णन करें ।

**अथवा**

निजी वित्त तथा सार्वजनिक वित्त में अंतरों का वर्णन करें ।

55. बैंक खाता खोलने के विभिन्न चरणों का वर्णन करें ।

**अथवा**

बीमा के महत्व का वर्णन करें ।

V. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **आठ** से **दस** वाक्यों में दीजिए : 4

56. प्रधान मंत्री बनने के बाद नेहरू की देनों का वर्णन करें ।

VI. 57. भारत का रेखा मानचित्र खींचकर निम्न को चिह्नित करें : $1 + 3 = 4$

a) $82\frac{1}{2}^{\circ}$ पूर्वी देशान्तर

b) नर्मदा नदी

c) बॉम्बे हाई ।

**केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए विकल्प प्रश्न : ( प्रश्न सं० 57 के बदले में )**

हिमालय के उपयोग क्या हैं ? 4